भारतीय रिज़र्व बैंक / Reserve Bank of India
संपदा विभाग / Estate Department

बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

**वरिष्ठ अधिकारी क्वार्टर, नवरंगपुरा, आरबीआई, अहमदाबाद में सामान्य मरम्मत, पुनः रंगाई, बढ़ईगीरी और प्लंबिंग कार्य हेतु ई-निविदा – बोली-पूर्व बैठक के कार्यवृत्त**

उपर्युक्त निविदा के लिए बोली-पूर्व बैठक 17 जुलाई, 2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे, चौथी मंजिल, मुख्य कार्यालय भवन, आरबीआई, अहमदाबाद में आयोजित की गई थी। बैठक की अध्यक्षता उप महाप्रबंधक (संपदा), आरबीआई, अहमदाबाद ने की। संपदा विभाग, आरबीआई, अहमदाबाद के अधिकारियों और सहभागिता करने वाली विभिन्न फर्मों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

2. भारतीय रिज़र्व बैंक, अहमदाबाद के प्रतिभागी: -

| क्रमांक | आरबीआई अधिकारियों के नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1 | सुश्री तनुश्री डोलारे | उप महाप्रबंधक |
| 2 | श्री चंद्रपाल सिंह उमठ | सहायक महाप्रबंधक |
| 3 | श्री लवकेश मीना | प्रबंधक (तकनीकी-सिविल) |
| 4 | श्री बलराम पांचाल | सहायक प्रबंधक (तकनीकी- सिविल ) |
| 5 | श्री राकेशसिंह चारण | सहायक प्रबंधक |

बैठक में सहभागिता करने वाले संभावित बोलीदाता:-

| क्रमांक | फर्म का नाम | प्रतिनिधियों का नाम |
|---|---|---|
| 1 | रमाली कंस्ट्रक्शन | श्री परेशभाई रूपारेलिया |
| 2 | माहिकृष्णा कंस्ट्रक्शन | श्री दिव्येशभाई पांचाल |
| 3 | जे डी मिस्त्री | श्री जगदीशभाई मिस्त्री |

3. उप महाप्रबंधक (संपदा) ने प्रतिभागीयों का स्वागत किया और उसके बाद प्रस्तावित निविदा के संबंध में संभावित बोलीदाताओं से प्रश्न, यदि कोई हो, आमंत्रित किए गए। ठेकेदार द्वारा उठाए गए प्रश्नों और बैंक के स्पष्टीकरण/टिप्पणियों का विवरण नीचे सारणीबद्ध किया गया है।

| क्र.सं. | चर्चा के बिंदु | बैंक का स्पष्टीकरण |
|---|---|---|
| 1 | नवीकरण किए जाने वाले फ्लैटों की संख्या | यह बताया गया कि एक 2 बीएचके फ्लैट और तीन 3 बीएचके फ्लैट सहित 04 फ्लैटों का नवीकरण किया जाना है। |
| 2 | नवीकरण कार्य के दौरान गैस पाइपलाइन, चिमनी, पंखे हटाने का कार्य बैंक या ठेकेदार द्वारा किया जाना है | यह स्पष्ट किया गया कि बैंक द्वारा नवीकरण कार्य के दौरान गैस पाइपलाइन, चिमनी, पंखे आदि को हटाने का कार्य किया जाएगा। |
| 3 | निविदा मद सं. (i) 5.3.2 (ii) 5.3.3 और (iii) 5.3.4. के लिए सामग्री की मूल कीमतें और अनुमोदित ब्रांड / विनिर्माता | बैंक द्वारा यह स्पष्ट किया गया था कि कार्य के लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाना चाहिए और बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने के बाद ब्रांड/निर्माता की अनुमोदित सूची से प्राप्त किया जाना चाहिए। इसके अलावा, निविदा के मद संख्या (i) 5.3.2 के लिए ₹2,900/- (ii) 5.3.3 के लिए ₹1,000/- एवं (iii) 5.3.4 के लिए ₹800/-मूल दर है। |

4. यह दस्तावेज (बोली-पूर्व बैठक के कार्यवृत्त) निविदा का एक हिस्सा होगा और निविदा दस्तावेजों के साथ बोलीदाता द्वारा उसी की विधिवत हस्ताक्षरित और मुद्रांकित प्रति प्रस्तुत की जानी चाहिए। इस दस्तावेज़ की विधिवत हस्ताक्षरित और मुद्रांकित प्रति के बिना प्राप्त कोई भी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।